बाबा बजरंगी तेरी जय जय कार

सुन लो मेरे बजरंग प्यारे सिया राम के तुम हो दुलारे
आया हु शरण में तेरी कर दो बेडा पार
बाबा बजरंगी तेरी जय जय कार

कलयुग में तो सारी दुनिया बाला जी को ध्यावे
जो कोई आवे तेरे दर मन वंचित फल पावे
राजा हो जा रंक सभी को देता है तू प्यार
बाबा बजरंगी तेरी जय जय कार

पवन पुत्र हनुमान तेरी है जग में महिमा भारी,
राम दूत अतुलित बलधामा तुम शिव के अवतारी
तीन लोक में होती बाबा तेरी जय जय कार
बाबा बजरंगी तेरी जय जय कार

छोड़ के सारी दुनिया मैं तो तेरे शरण आया
तू उसका उधार है जिसे दुनिया ने ठुकराया
मैं चाकर तेरे चरणों का तू मेरी सरकार
बाबा बजरंगी तेरी जय जय कार

छाए है घनघोर अँधेरे राह नजर नही आये
तुम बिन मेरे दाता मुझको कौन गले से लगाये
सचे भगतो की तू बाबा सुनता है पुकार
बाबा बजरंगी तेरी जय जय कार

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/16770/title/baba-bajrangi-teri-jai-jai-kaar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |